हिंदी पखवाड़ा-2022

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मण्डी में दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं जैसे श्रुति लेखन, निबंध लेखन, टंकण, लघु कहानी एवं वृतांत, कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सभी कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, संस्थान में हिंदी के बैनर लगाए गए तथा सभी कार्मिकों से हिंदी में कार्य करने की अपील की गई। दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 को भा.प्रौ.सं. मण्डी के हॉल-ए सम्मेलन कक्ष मे हिंदी पखवाड़े का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भा.प्रौ.सं. मण्डी के निदेशक महोदय ने सभी कार्मिकों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर बधाई दी तथा विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत कार्मिकों के संवैधानिक दायित्त्वो पर प्रकाश डाला। निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में संस्थान में हिंदी में कार्य करने के महत्त्व पर बल दिया तथा उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी कार्मिक अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें, ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2022-23 के अनुसार हिंदी में कार्य करने के लक्ष्यों की प्राप्त की जा सके। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल के सदस्यों को भी निदेशक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।